458. पंजाब केसरी ! - 09/03/2026 (459). दैनिक जागरण ! - 09/03/2026

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि होंगे उच्च शिक्षा निदेशक

पालमपुर, 8 मार्च (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 10 मार्च को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने बताया कि इस समारोह के मुख्यातिथि के रूप में उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत सिंह शिरकत करेंगे। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह महाविद्यालय का महत्वपूर्ण शैक्षणिक आयोजन है, जिसमें वर्ष भर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## विक्रम बतरा कालेज का वार्षिक समारोह कल

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में 10 मार्च को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने बताया कि समारोह में मुख्यातिथि उच्च शिक्षा निदेशक डा. अमरजीत सिंह शिरकत करेंगे। समारोह में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। (संस)

Scanned with OKEN Scanner

460 दिव्या हिमाचल : 11/03/2026

# विक्रम बतरा कालेज में छात्रों को सम्मान

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में शिक्षा क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन पर किया सम्मानित

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- पालमपुर



पालमपुर : कार्यक्रम के दौरान छात्रा को सम्मानित करते मुख्यातिथि


शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संस्थान के परिसर में धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्यातिथि के रूप में उच्चतर शिक्षा निदेशक डा. अमरजीत शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी। तत्पश्चात उच्चतर शिक्षा निदेशकं डा. अमरजीत कुमार शर्मा ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, एनसीसी, रोवर्स और रेंजर्स, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, सोशल साइंसेज, ईको क्लब, इलेक्ट्रोल क्लब, महाविद्यालय पत्रिका के विभिन्न अनुभागों के विद्यार्थी संपादक तथा अन्य होनहार विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति हैंए और उनकी शिक्षा व संस्कार देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से डिग्री के साथ-साथ कौशल को विकसित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के मध्य में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि द्वारा दिया गया। मंच संचालन डॉक्टर अनुराधा शर्मा और डॉक्टर मीनाक्षी ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

461 हिमाचल दस्तक : 11/03/2026

# युवा राष्ट्र की शक्ति, उनके संस्कार अनमोल : अमरजीत

हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर

■ उच्चतर शिक्षा निदेशक ने बतौर मुख्यअतिथि की शिरकत




शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह संस्थान के परिसर में धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्यअतिथि के रूप में उच्चतर शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक उपलब्धियों की जानकारी दी। उसके बाद उच्चतर शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, एनसीसी, रॉवर्स और रेंजर्स, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, सोशल साइंसेज, इको क्लब, इलेक्ट्रोल क्लब, महाविद्यालय पत्रिका के विभिन्न अनुभागों के विद्यार्थी संपादक तथा अन्य होनहार विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए स्मृतिचिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यअतिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि युवा राष्ट्र की शक्ति हैं, और उनकी शिक्षा व संस्कार देश के लिए अनमोल व उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से डिग्री के साथ-साथ कौशल को विकसित करने का भी आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के मध्य में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय परिवार की ओर से मुख्यअतिथि को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि द्वारा दिया गया। मंच संचालन डॉक्टर अनुराधा शर्मा और डॉक्टर मीनाक्षी ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

462. दैनिक जागरण :- 11/03/2026

## बतरा कालेज में मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि उच्चतर शिक्षा निदेशक डा. अमरजीत शर्मा ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो पंकज सूद ने मुख्यातिथि का स्वागत कर वार्षिक प्रतिवेदना प्रस्तुत की। इसके बाद निदेशक डा अमरजीत ने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल, एनसीसी, रोवर्स और रेंजर्स, एनएसएस, रेड रिबन क्लब, रोड सेफ्टी क्लब, सोशल साइंसेज, ईको क्लब, इलेक्ट्रोल क्लब, महाविद्यालय पत्रिका के विभिन्न अनुभागों के विद्यार्थी संपादक तथा अन्य होनहार विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया। समारोह के मध्य में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस मौके पर उप प्राचार्या प्रोफेसर कल्पना ऋषि, डा. अनुराधा शर्मा और डा. मीनाक्षी ठाकुर समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

463. पंजाब केसरी :- 29/03/2026

464. दैनिक भास्कर :- 29/03/2026

## टी.बी. व मानसिक स्वास्थ्य बारे किया जागरूक

पालमपुर, 28 मार्च (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में क्षय रोग जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से कई रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। टी.बी.



पालमपुर : कार्यक्रम के दौरान पोस्टर प्रदर्शित करती छात्राएं। (भृगु)

जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर आधारित पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता में खुशबू ने प्रथम स्थान, पूर्वा शर्मा ने द्वितीय तथा अंतरा एवं रितिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी समझ की सराहना की। इसके पश्चात रैड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी बोविंदर कटोच ने टी.बी. जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## मानसिक स्वास्थ्य पर जागरुकता गतिविधियों का किया आयोजन

**पालमपुर** | बत्रा राजकीय महाविद्यालय में क्षय रोग (टीबी) जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से कई रचनात्मक गतिविधियां एवं टीबी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर आधारित पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट कला, सृजनात्मकता और संदेशपूर्ण अभिव्यक्ति के माध्यम से इन गंभीर विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में खुशबू ने प्रथम स्थान, पूर्वा शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा अंतरा एवं रितिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी बोविंदर कटोच ने विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

465. अमर उजाला :-
29/03/2026

# टीबी को लेकर विद्यार्थी लोगों को करें जागरूक : डॉ. पंकज



विक्रम बतरा कॉलेज पालमपुर में कार्यक्रम में भाग लेते छात्र । स्रोत: कॉलेज प्रबंधन

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में क्षय रोग (टीबी) जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से कई रचनात्मक गतिविधियां करवाई गईं।

इस दौरान रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी बोविंद्र कटोच ने टीबी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, तनाव प्रबंधन और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज सूद ने कहा कि विद्यार्थियों को इन विषयों के प्रति केवल स्वयं जागरूक ही नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज में भी जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें और स्वास्थ्य से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर जन-जन तक संदेश पहुंचाए। संवाद

466. दैनिक जागरण :-
29/3/2026



पालमपुर में टीबी जागरूकता कार्यक्रम में पोस्टर के साथ कालेज की छात्राएं • सौ. कालेज

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में खुशबू प्रथम

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को क्षय रोग (टीबी) जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कई रचनात्मक गतिविधियां करवाई गईं। टीबी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर आधारित पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गईं।

पोस्टर मेकिंग में खुशबू प्रथम, पूर्वा शर्मा द्वितीय तथा अंतरा व रितिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी बोविंदर कटोच ने टीबी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को टीबी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, तनाव प्रबंधन तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय प्राचार्य डा. पंकज सूद ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को इन विषयों के प्रति केवल स्वयं जागरूक रहने के साथ समाज में भी जागरूकता फैलाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

467. दिव्य हिमाचल :-
29/03/2026

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में खुशबू अव्वल

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय में क्षय रोग जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीबी जागरूकता एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर आधारित पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें महाविद्यालय के 60 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट कला, सृजनात्मकता और संदेशपूर्ण अभिव्यक्ति के माध्यम से इन गंभीर विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। पोस्टर मेकिंग में खुशबू ने प्रथम स्थान, पूर्वा शर्मा ने द्वितीय स्थान और अंतरा एवं रितिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी बोविंदर कटोच ने छात्रों को टीबी के लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों के साथ-साथ सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के टिप्स दिए।

Scanned with OKEN Scanner